प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 25.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

कांग्रेस विधायकों के निलंबन मामले को लेकर राज्य विधानसभा में गतिरोध आज भी बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने आज विधानसभा द्वार पर धरना दिया और प्रदर्शन किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं अशोक गहलोत और सचिन पायलेट ने सत्ता पक्ष पर पक्षपात के आरोप लगाये। इधर भारतीय जनता पार्टी ने विपक्षी सदस्यों पर सदन कार्यवाही के दौरान अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया। इस बीच मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधानसभा में भाजपा विधायक दल की बैठक ली और रणनीति पर विचार विमर्श किया। इधर सदन की कार्यवाही सुचारू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सत्ता और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के साथ समाधान की कोशिशों में जुटे है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे चरण में निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र का उद्घाटन किया। समारोह में राज्यपाल एल.पी. आचार्य, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वसरमा केन्द्रीय मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्री तथा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। दो दिन के शिखर सम्मेलन में 240 से अधिक प्रदर्शक शामिल हो रहे हैं।

सम्मेलन में औद्योगिक विकास, वैश्विक व्यापार साझेदारी और असम के जीवंत एम.एस.एम.ई. क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

000

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से आज से नवाचार हेकाथॉन की शुरूआत हुई। इस हेकाथॉन का विषय, विकसित भारत के लिए डेटा संचालित अर्तदृष्टि है। इस हेकाथॉन का उद्देश्य राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय–एनएसओ द्वारा निर्मित, व्यापक आधिकारिक आंकड़ों का उपयोग करने के लिए शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों जैसे युवा मस्तिष्क को प्रेरित करना है। इस हेकाथॉन की शुरूआत माईगॉव मंच पर की गई है। यह हेकाथॉन 31 मार्च तक जारी रहेगा। स्नातक, स्नातकोत्तर या शोध से जुडे विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ताओं के एक पैनल द्वारा चयनित शीर्ष 30 प्रविष्टियों को इसमें पुरस्कृत किया जाएगा।

000

पाली जिले मे टीबी मुक्त अभियान के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर 25 डीजिटल एक्स–रे और आधुनिक टीबी जांच मशीने उपलब्ध करायी जायेगी। इनके जरिये दूर–दराज के गांवों और स्वास्थ्य केन्द्रो पर भी टीबी की निशुल्क जांच हो सकेगी। इसके अलावा 70 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर हेपेटाईटिस बी, यूरिन प्रोफाईल, लिपिड प्रोफाईल सहित 63 प्रकार की जांचों की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी।

000

चूरू जिले में सुजानगढ के पास कल एक गैस सिलेंडर लीक होकर फट गया। आग की चपेट में आने से पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हे सुजानगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति होने पर घायलों को जयपुर रैफर किया गया है।

000

डीग जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में गिव अप अभियान के तहत जिन अपात्र लाभार्थियों ने स्वेच्छा से नाम नही हटवाये है, उनसे अब 27 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खाद्यान्न की वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि 915 परिवारों के 4950 सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने के लिए आवेदन किए हैं। लेकिन अब भी बहुत से अपात्र परिवार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े हुए हैं।
उन्होंने बताया कि रसद विभाग ने 40 अपात्र परिवारों को चिन्हित कर नोटिस जारी किया है। इन से 7 दिनों में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

000

सलूम्बर जिले में फर्जी डॉक्टरों पर कड़ी कार्यवाही के लिये विशेष अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग इसे पुलिस के सहयोग से शुरू करने जा रहा है। सीएमएचओ महेन्द्र परमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य चिकित्सकों के नाम पर होने वाली अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

000

महाशिवरात्रि पर्व कल प्रदेश भर में श्रद्ध और उल्लास के साथ मनाया जायेगा है। इस अवसर पर मंदिरो और शिवालयों में आज से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गये है। राजधानी जयपुर के कई शिवालयों में प्रयागराज के कुंभ जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर में पहली बार शिवोहम् कार्यक्रम आयोजित होगा। शहर के प्रसिद्ध झारखण्ड महादेव, और ताडकेश्वर महादेव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए ज़िला प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है।

राज्य के विभिन्न शिव मंदिरों में भी शिवरात्रि को लेकर विभिन्न आयोजन हो रहे है। कई स्थानो पर शोभा यात्रा और भण्डारा प्रसादी के कार्यक्रम भी रखे गये है। इधर पाली में डाक विभाग की ओर से शिवरात्रि पर्व पूजन के लिए लोगों को उचित दर पर गंगाजल मुहैया कराया जा रहा है।